दिनांक 3 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अधिक कीमत पर दुकानदार बेच रहा था सामग्री , उड़नदस्ता की टीम ने लगाया 10000 रुपए जुर्माना

भिलाई नगर/ कोविड- 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु सरकार द्वारा लॉक डाउन घोषित किया गया है! आवश्यकता वाले दुकानों को छोड़कर अन्य दुकानें बंद रखी जानी है! ऐसे दुकान जो छूट प्राप्त है उन्हें तय कीमत से अधिक दर पर सामग्री नहीं बेचने निगम की टीम द्वारा समझाइश भी दी जा रही है परंतु बावजूद इसके कुछ दुकानदार लाभ कमाने के जुगत में लगे हुए हैं! आज शिकायत के आधार पर जब उड़नदस्ता की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तो मुकेश किराना स्टोर 18 नंबर रोड कैंप 1 नेहरू चौक वार्ड क्रमांक 20 प्रगति नगर के द्वारा अधिक कीमत पर सामग्री का विक्रय किया जा रहा था तथा वहां पर उपस्थित महिला क्रेता ने भी अधिक सामग्री बेचने का जिक्र किया जिस पर उड़नदस्ता की टीम ने दुकानदार संचालक से 10000 रुपए का जुर्माना वसूल किया साथ ही खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी !

जनसंपर्क अधिकारी